# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–17 नवम्बर 2024** **सान्ध्य समाचार**

झांसी के महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज में शुक्रवार की रात आग लगने की घटना में मृतक नवजात शिशुओं की संख्या ग्यारह हो गई है । इस बीच, प्रकरण की जांच के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग ने चार सदस्यीय समिति का गठन किया है। विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने कल पत्र जारी कर तीन बिंदुओं पर महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण की अध्यक्षता वाली इस समिति को जांच करने का निर्देश दिया है। उधर, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने भी इस मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए राज्य सरकार को नोटिस जारी कर मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक से एक सप्ताह के भीतर विस्तृत जानकारी मांगी है।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान को उपयोगी बनाने में सहायक, सभी लोगों का आभार व्यक्त किया है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर जनता से पर्यावरण संरक्षण के लिए अपनी मां के सम्मान में एक पेड़ लगाने का आग्रह किया था। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी इस अभियान के तहत सौ करोड़ से अधिक पौधारोपण की ऐतिहासिक उपलब्धि पर बधाई दी है। एक सोशल मीडिया संदेश में उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश भी इस जन भागीदारी में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। यह देशव्यापी पहल विश्व पर्यावरण दिवस पर पांच जून को प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हुई थी।

**********

प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर बीस नवम्बर को होने वाला उपचुनाव के लिए प्रचार अभियान जारी है। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आज अम्बेडकरनगर जिले के कटेहरी विधानसभा क्षेत्र से सपा प्रत्याशी शोभावती वर्मा के समर्थन में जनसभा को सम्बोधित किया। उन्होंने लोगों से जनता की सेवा, संविधान की सुरक्षा और लोकतंत्र की मजबूती के लिए वोट देने की अपील की। वहीं, भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने मिर्जापुर जिले के मझवां विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी सुचिष्मिता मौर्य के समर्थन में जनचौपाल कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने मतदाताओं से भाजपा को अपना आशीर्वाद और मत देकर प्रचंड जीत दिलाने का अनुरोध किया।

**********

अयोध्या के मणिराम दास छावनी से दो सौ से अधिक साधु संतों के साथ आज भरत यात्रा चित्रकूट धाम के लिए रवाना हो गई। महंत कमलनाथ की अगुवाई में आज भरत और शत्रुघ्न के प्रतीकात्मक स्वरूप के पूजन के बाद पांच दिनों की यह यात्रा शुरू हो गई। नंदीग्राम, कुशभावनपुर और प्रयागराज के रास्ते यह चित्रकूट पहुंचेगी । आगामी इक्कीस नवम्बर को यात्रा पुनः अयोध्या वापस लौटेगी।

**********

कुशीनगर जिले में पीपीपी मॉडल से करीब दस से पचास एकड़ जमीन पर औद्योगिक पार्क विकसित किया जाएगा। यह जानकारी जिला उपायुक्त उद्योग अभय कुमार सुमन ने दी। उन्होंने बताया कि प्लेज योजना के तहत इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने के लिए प्रति एकड़ एक फीसदी ब्याज पर पचास लाख रुपये तक का लोन मिलेगा। इसमें आम आदमी के साथ समूह बना कर लोग जमीन देने का निर्णय ले सकते हैं।

**********

भगवान बिरसा मुंडा की विरासत को याद करने के लिए देश भर के शैक्षणिक संस्थानों में जनजातीय गौरव पखवाड़ा मनाया जा रहा है। देश भर में मनाया जाने वाला यह उत्सव भारत की समृद्ध आदिवासी विरासत और जनजातीय समुदायों के योगदान का सम्मान करता है। केंद्र सरकार ने पिछले दस वर्षों में अनुसूचित जनजातियों से संबंधित विकास कार्य योजना के लिए निर्धारित निधि में पांच गुना वृद्धि किया है। आदिवासी छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों की संख्या चार गुना बढ़ा दी गयी है। इस अवधि में सत्रह हजार करोड रुपए से अधिक की छात्रवृत्ति भी प्रदान की गयी है।

**********

गोरखपुर के वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में चल रही अड़सठवीं राष्ट्रीय विद्यालयीय कुश्ती प्रतियोगिता **कुश्ती महाकुंभ दो हजार चौबीस** में आज प्रतियोगिता के दूसरे दिन उन्नीस खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। चौवन किलो भार वर्ग बालिका कुश्ती प्रतियोगिता में हरियाणा की निशा ने स्वर्ण, दिल्ली की वंशु ने रजत और उत्तराखंड की आर्या तथा महाराष्ट्र की क्षितिज ने कांस्य पदक जीता। वहीं, सत्तावन किलो भार वर्ग बालक कुश्ती प्रतियोगिता में हरियाणा के विनीत सिंह ने स्वर्ण, कर्नाटक के रफीक ने रजत और मध्य प्रदेश के नैतिक सिंह तथा उत्तर प्रदेश के कृष्ण यादव ने कांस्य पदक जीता।

**********

प्रदेश में अगले चार से पांच दिनों तक मौसम शुष्क रहेगा। इस दौरान सुबह के समय हल्के से मध्यम कुहरा छाए रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने पूर्वानुमान जताया है कि इस दौरान में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है। साथ ही पूर्वी उत्तर प्रदेश में अगले दो दिनों के दौरान रात और सुबह के समय घना से लेकर बहुत घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। इस संभाग के गोरखपुर और आसपास के जिलों में आज सुबह देर तक कोहरे का प्रभाव रहा, हांलाकि दिन में मौसम साफ और शुष्क बना रहा।

**********